महर्षि पतञ्जलि ने हिरण्यगर्भ के सूत्रों के आधार पर प्रस्तुत योगशास्त्र का निर्माण किया। इस का लक्ष्य मनुष्य को स्थूलता से सूक्ष्मता की ओर ले जाना अर्थात् चेतना को बाहर से अन्तर्मुख कर के परमात्मा में लय करना है।

योग के तीन अन्तर्विभाग हैं — उपासना-योग अर्थात् चित्त को एक लक्ष्य पर ठहराना, कर्मयोग अर्थात् निष्काम कर्म और ज्ञान-योग। यम (अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह), नियम (शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्रणिधान), आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि अष्टाङ्गयोग की, क्रम अनुसार, आठ सीढ़ियाँ हैं।

इस संक्षिप्त संग्रह में योगशास्त्र के सूत्रों का निरूपण बहुत सरल और कम शब्दों में किया गया है। अतः यह ग्रन्थ उच्च श्रेणी के साधकों और जिज्ञासुओं के लिए अत्यधिक उपयोगी और आवश्यक है। योगशास्त्र में बताए हुए साधनों का पुनः पुनः श्रद्धापूर्वक सेवन अर्थात् श्रवण, मनन और निदिध्यासन करने से साधक को शीघ्र ही आध्यात्मिक लक्ष्य की उपलब्धि हो जाती है। योग पक्षपात और वाद-विवाद रहित कौशल है जो स्वयं को अनुभव द्वारा ही प्राप्त होता है।

–ॐ–

ISBN : 81-7525-724-5

पातञ्जल योग (अष्टाङ्गयोग)

ॐ

पातञ्जल योग

(अष्टाङ्गयोग)

पदच्छेद, अन्वय और भाषा-टीकासहित

ॐ

पातञ्जल योग

(अष्टाङ्गयोग)

पदच्छेद, अन्वय और भाषा-टीकासहित

सूचना — इस पुस्तक से उपार्जित धन का उपयोग
ज़रूरतमंद बच्चों की शिक्षा में किया जाएगा ।

© सर्वाधिकार सुरक्षित २००६ : इस पुस्तक अथवा इस पुस्तक के किसी अंश को व्यापारिक उद्देश्य से इलेक्ट्रॉनिक, मेकेनिकल, फोटोकापी, रिकार्डिंग या अन्य सूचना संग्रह साधनों एवं माध्यमों द्वारा मुद्रित अथवा प्रकाशित करने से पूर्व संकलनकर्ता, प्रकाशक एवं वितरक से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य है ।

मूल्य	:	**२००/- (मात्र दो सौ) रुपए**
शीर्षक	:	पातञ्जल योग (अष्टाङ्गयोग) पदच्छेद, अन्वय और भाषा-टीकासहित
मुख्य विषय	:	ईश्वर, अध्यात्म, योग, पातञ्जल योग, अष्टाङ्गयोग, योगदर्शन, साधना, ध्यान, समाधि, संयम और कैवल्य
ISBN क्रम संख्या	:	८१-७५२५-७२४-५
प्रथम संस्करण	:	एकादशी, २४ फरवरी, सन् २००६
प्रतियाँ	:	९०० अजिल्द + १०० सजिल्द
संकलनकर्ता, प्रकाशक, एवं वितरक	:	सुरेन्द्र शंकर आनन्द ३५८०, ३७-डी चण्डीगढ़ — १६० ०३६, भारत
ई-मेल	:	shanky_andy@yahoo.com अथवा shanky_andy@adhyatam.com
वेब-साईट	:	www.adhyatam.com

विषय सूची

	पृष्ठ
सूत्रों का वर्गीकरण	४
पाठकों के लिए निर्देश	६
पृष्ठभूमि	७
महर्षि कपिल का तत्त्वसमास	११
समाधिपाद	२०
साधनपाद	४२
विभूतिपाद	६५
कैवल्यपाद	८९
परिशिष्ट	१०४
मूल सूत्र	१०४
ॐ तालिका (१)	१३१
ॐ तालिका (२)	१३२
समाधि तालिका	१३३
योग के छब्बीस तत्त्व	१३४

-ॐ-

सूत्रों का वर्गीकरण

समाधिपाद

सूत्र	विषय
१-४	योगशास्त्र का आरम्भ और योग की परिभाषा
५-११	चित्त की वृत्तियों का वर्णन
१२-१६	अभ्यास और वैराग्य
१७-२२	समाधि का विषय
२३-२९	ईश्वर-प्रणिधान और उसके फल
३०-४०	चित्त के विक्षेप और उन के उपाय
४१-५१	समाधि के भेद

साधनपाद

सूत्र	विषय
१-२	क्रियायोग का स्वरूप और फल
३-१६	क्लेश और उन के नाश के उपाय
१७-२७	दृश्य और द्रष्टा का स्वरूप
२८-५५	अष्टाङ्गयोग का वर्णन

विभूतिपाद

सूत्र	विषय
१-३	धारणा, ध्यान और समाधि
४-८	संयम की परिभाषा
९-१२	चित्त के परिणाम
१३-१५	प्रकृति के परिणाम
१६-४८	संयम का फल
४९-५५	विवेकज्ञान और कैवल्य

कैवल्यपाद

सूत्र	विषय
१-६	सिद्धियों की प्राप्ति और जात्यन्तर परिणाम
७-१२	वासनाएं और कर्मों के फल
१३-२४	दृश्य और द्रष्टा
२५-३४	विवेकज्ञान और कैवल्य

-ॐ-

पाठकों के लिए निर्देश

अब इस पुस्तक में सूत्रों को पढ़ने की विधि बतलाई जाती है ।

योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः ॥२॥

यह सूत्र है ।

यह सूत्र का पदच्छेद और अन्वय है ।

योगः — योग
चित्त — चित्त अर्थात् अन्तःकरण (की)
वृत्ति — वृत्तियों (का)
निरोधः — रुकना अर्थात् वृत्तियों का अन्तर्मुख हो कर चित्त में लीन हो जाना (है) ।

इस सूत्र की भाषा-टीका को ऊपर से नीचे पढ़ने से वाक्य बनता है, जैसे, योग चित्त की वृत्तियों का रुकना अर्थात् वृत्तियों का अन्तर्मुख हो कर चित्त में लीन हो जाना है ।

संगति — *सब वृत्तियों के निरोध होने पर पुरुष की क्या अवस्था होती है ?*

इस सूत्र का अगले सूत्र से क्या सम्बन्ध है ?

तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम् ॥३॥

यह अगला सूत्र है ।

-ॐ-

पृष्ठभूमि

महर्षि पतञ्जलि ने हिरण्यगर्भ के सूत्रों के आधार पर प्रस्तुत योगशास्त्र का निर्माण किया । इस का लक्ष्य मनुष्य को स्थूलता से सूक्ष्मता की ओर ले जाना अर्थात् चेतना को बाहर से अन्तर्मुख कर के परमात्मा में लय करना है ।

योगशास्त्र में कुल छब्बीस तत्त्व[१] माने गए हैं — ईश्वर (पुरुष-विशेष), पुरुष (जीव) और प्रकृति के चौबीस तत्त्व अर्थात् मूलप्रकृति, महत्तत्व, अहंकार, पाँच तन्मात्राएँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच स्थूल भूत और मन । ईश्वर सृष्टि का निमित्त-कारण अर्थात् वस्तु को बनाने वाला है और प्रकृति उपादान-कारण अर्थात् सामग्री जिससे वस्तु का निर्माण होता है । ईश्वर की सन्निधि मात्र से जड़ प्रकृति में निम्न परिणाम होते हैं —

१ मूलप्रकृति से महत्तत्व,
२ महत्तत्व से अहंकार,
३ अहंकार से पाँच तन्मात्राएँ,
४ पाँच तन्मात्राओं से पाँच स्थूल भूत,
५ अहंकार से पाँच कर्मेन्द्रियाँ,
६ अहंकार से पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ और
७ अहंकार से मन ।

---

[१] **परिशिष्ट** — योग के छब्बीस तत्त्व ।

जड़ प्रकृति और चेतन पुरुष के संयोग से समस्त सृष्टि का निर्माण हुआ है । यद्यपि पुरुष प्रकृति का स्वामी है, परन्तु अविद्या के कारण पुरुष अपने निज स्वरूप को भूल कर प्रकृति की जड़ता और उस से उत्पन्न दुःख को अपना स्वरूप समझने लगता है । इस सम्बन्ध में भारतीय दर्शनशास्त्रों [२] में निम्न चार विषयों पर इस प्रकार गहन चिन्तन किया गया है —

प्रश्न — हेय क्या है ?
उत्तर — आने वाला दुःख हेय है ।

प्रश्न — हेयहेतु अर्थात् हेय का कारण क्या है ?
उत्तर — द्रष्टा (पुरुष) और दृश्य (प्रकृति) का संयोग हेयहेतु है ।

प्रश्न — हान अर्थात् दुःख का नितान्त अभाव क्या है ?
उत्तर — अविद्या का अभाव हान है ।

प्रश्न — हानोपाय अर्थात् हान का उपाय क्या है ?
उत्तर — विवेकख्याति [३] हानोपाय है ।

---

[२] **छः मुख्य दर्शनशास्त्र अर्थात् षड्दर्शन** — मीमांसा, वेदान्त, न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग ।

[३] **साधनपाद** — सूत्र २६ ।

योग की सहायता से पुरुष विवेकख्याति से अविद्या का नाश कर अपने निज स्वरूप में स्थित हो जाता है, जिसे कैवल्य (मोक्ष) कहते हैं ।

योगशास्त्र के चार पादों में कुल १९५ सूत्र हैं । समाधिपाद, साधनपाद, विभूतिपाद और कैवल्यपाद में यथाक्रम से इक्यावन, पचपन, पचपन और चौंतीस सूत्र हैं । समाधिपाद और साधनपाद में, क्रम अनुसार, समाहित-चित्त और विक्षिप्त-चित्त वालों के लिए समाधि [४] के उपाय बतलाए गए हैं । विभूतिपाद में अश्रद्धालु को श्रद्धापूर्वक योग में प्रवृत्त करने के लिए योग की विभूतियाँ बतलाई गई हैं । कैवल्यपाद में उपयोगी-चित्त तथा चित्त के सम्बन्ध में शङ्काओं का निवारण किया गया है ।

योग के तीन अन्तर्विभाग हैं — उपासना-योग अर्थात् चित्त को एक लक्ष्य पर ठहराना, कर्मयोग अर्थात् निष्काम कर्म और ज्ञान-योग । यम (अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह), नियम (शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्रणिधान), आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि अष्टाङ्गयोग की, क्रम अनुसार, आठ सीढ़ियाँ हैं ।

इस संक्षिप्त संग्रह में योगशास्त्र के सूत्रों का निरूपण बहुत सरल और कम शब्दों में किया गया है । अतः यह ग्रन्थ उच्च श्रेणी के साधकों और जिज्ञासुओं के लिए अत्यधिक उपयोगी और आवश्यक है ।

---

[४] **परिशिष्ट** — समाधि तालिका ।

योगशास्त्र में बताए हुए साधनों का पुनः पुनः श्रद्धापूर्वक सेवन अर्थात् श्रवण, मनन और निदिध्यासन करने से साधक को शीघ्र ही आध्यात्मिक लक्ष्य की उपलब्धि हो जाती है । योग पक्षपात और वाद-विवाद रहित कौशल है जो स्वयं को अनुभव द्वारा ही प्राप्त होता है ।

इस ग्रन्थ के अन्त में साधकों के लिए कुछ आवश्यक विषय परिशिष्ट भाग में दे दिए गए हैं । योगशास्त्र पर विस्तृत जानकारी ब्र० स्वामी श्री ओमानन्दतीर्थ जी कृत, गीताप्रेस द्वारा प्रकाशित पुस्तक, "पातञ्जलयोगप्रदीप" में उपलब्ध है ।

अनुभवी साधकों से नम्र निवेदन है कि त्रुटियों की सूचना और सुझाव ई-मेल पर देने की कृपा करें, ताकि अगले संस्करण में इस ग्रन्थ का सुधार किया जा सके ।

जिन महानुभाव के आशीर्वाद और प्रेरणा से हम इस ग्रन्थ को पूर्ण करने में सफल हुए हैं, हम उन के प्रति हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करते हैं । अन्त में हम भारतीय ऋषि परम्परा को प्रणाम करते हुए इस ग्रन्थ को, सश्रद्धा, परमात्मा को समर्पित करते हैं ।

-ॐ-

महर्षि कपिल का तत्त्वसमास

महर्षि कपिल का सांख्य दर्शन और महर्षि पतञ्जलि का योगशास्त्र एक दूसरे के पूरक हैं । यदि सांख्य दर्शन बाहरी जगत् अर्थात् प्रकृति और पुरुष के तात्त्विक स्वरूप का विवेचन करता है, तो योगशास्त्र भीतरी जगत् अर्थात् चित्त और उसकी वृत्तियों की व्याख्या करता है । वास्तव में योग सांख्य का क्रियात्मक रूप है । योग सूत्रों की व्याख्या करने से पहले सांख्य दर्शन के सूत्रों का संक्षेप में वर्णन करते हैं ।

***संगति** — अब तत्त्वसमास आरम्भ करते हैं ।*

अथातस्तत्त्वसमासः ॥१॥

अथ-अतः — अब (आरम्भ करते हैं) उस
तत्त्व — तत्त्व (ज्ञान के)
समासः — संक्षिप्त संग्रह (को) ।

***संगति** — जड़ अर्थात् अचेतन तत्त्व के दो भेद हैं - प्रकृति और विकृति[५] । प्रथम प्रकृति की व्याख्या की जाती है ।*

अष्टौ प्रकृतयः ॥२॥

अष्टौ — (मूलप्रकृति, महत्तत्व, अहंकार और पाँच तन्मात्राएँ, ये) आठ (जड़ तत्त्व)

---

[५] **प्रकृति और विकृति** — प्रकृति वह तत्त्व है जो किसी नये तत्त्व का उपादान कारण है, विकृति वह तत्त्व है जो किसी नये तत्त्व का उपादान कारण नहीं है ।

प्रकृतयः — प्रकृतियाँ (हैं) ।

***संगति** — अब विकृति की व्याख्या करते हैं ।*

षोडश विकाराः ॥३॥

षोडश — (पाँच स्थूल भूत, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ और मन, ये) सोलह (जड़ तत्त्व)

विकाराः — विकृतियाँ (हैं) ।

***संगति** — चेतनतत्त्व पुरुष का वर्णन अगले सूत्र में किया जाता है ।*

पुरुषः ॥४॥

पुरुषः — (पच्चीसवाँ तत्त्व चेतन) पुरुष (है) ।

***संगति** — जिन तीन गुणों की विषमता के कारण मूल प्रकृति चौबीस तत्त्वों में परिणत हो रही है, अब उन गुणों का वर्णन करते हैं ।*

त्रैगुण्यम् ॥५॥

त्रै — (सत्त्व, रजस् और तमस्, ये) तीन

गुण्यम् — गुण[६] (हैं) ।

***संगति** — उक्त तीनों गुणों का कार्य अगले सूत्र में बतलाते हैं ।*

---

[६] **तीन गुण** — सत्त्व अर्थात् प्रकाश, रजस् अर्थात् क्रिया और तमस् अर्थात् स्थिति जो, क्रम अनुसार, सुख, दुःख और मोह रूपी हैं । प्रकृति की समस्त वस्तुओं में तीनों गुणों में से कोई एक गुण प्रधान और बाकी दो गुण गौण रूप में विद्यमान रहते हैं ।

संचरः प्रतिसंचरः ॥६॥

संचरः — सृष्टि (और)

प्रतिसंचरः — प्रलय (इन तीन गुणों की अवस्था-विशेष[७] है) ।

***संगति** — अब सृष्टि के तीन अवान्तर भेद बतलाए जाते हैं ।*

अध्यात्ममधिभूतमधिदैवं च ॥७॥

अध्यात्मम् — आध्यात्मिक अर्थात् अपने से सीधा सम्बन्ध रखने वाले, जैसे अहंकार, इन्द्रियाँ, मन और शरीर;

अधिभूतम् — आधिभौतिक अर्थात् अन्य प्राणियों से सम्बन्ध रखने वाले, जैसे पशु, पक्षी, सर्प आदि

च — और

अधिदैवम् — आधिदैविक अर्थात् दिव्य शक्तियों से सम्बन्ध रखने वाले, जैसे पृथ्वी, सूर्य आदि, (ये सृष्टि के तीन अवान्तर भेद हैं) ।

***संगति** — अब बुद्धि की वृत्तियों के भेद बतलाते हैं ।*

पञ्चाभिबुद्धयः ॥८॥

पञ्च — (प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृति[८], ये) पाँच

अभि — प्रकार की

बुद्धयः — बुद्धि (की वृत्तियाँ हैं) ।

***संगति** — अब ज्ञानेन्द्रियों का वर्णन करते हैं ।*

---

[७] **विशेष** — सामान्य वस्तुओं में विलक्षण प्रतीति का होना ।

[८] **समाधिपाद** — सूत्र ६ से ११ ।

पञ्च दृग्योनयः ॥९॥

पञ्च — (श्रोत्र, त्वचा, नेत्र, रसना और घ्राण, ये) पाँच
दृग्योनयः — ज्ञानेन्द्रियाँ (हैं) ।

***संगति** — अब प्राणों का वर्णन करते हैं ।*

पञ्च वायवः ॥१०॥

पञ्च — (प्राण, अपान, समान, व्यान और उदान, ये) पाँच
वायवः — वायु अर्थात् मुख्य प्राण[९] (हैं) ।

***संगति** — अब कर्मेन्द्रियों का वर्णन करते हैं ।*

पञ्च कर्मात्मानः ॥११॥

पञ्च — (वाणी, हस्त, पाद, उपस्थ और गुदा, ये) पाँच
कर्मात्मानः — कर्मेन्द्रियाँ (हैं) ।

***संगति** — अब अविद्या के भेद बतलाते हैं ।*

पञ्चपर्वा अविद्या ॥१२॥

पञ्च — (अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश[१०], ये) पाँच

---

[९] **पाँच मुख्य प्राण** — प्राण जो नासिका से हृदय तक व्यापक और इन्द्रियों का संचालक, अपान जो नाभि से पाद तक व्यापक और नीचे की ओर गति वाला, समान जो हृदय से नाभि तक व्यापक और रस को अङ्गों में बाँटने वाला, व्यान जो सारे शरीर में व्यापक, उदान जो कण्ठ से सिर तक व्यापक और ऊपर की ओर गति करने वाला है ।

पर्वा — गाँठें
अविद्या — अविद्या (कहलाती हैं) ।

***संगति** — अब अशक्तियों के भेद बतलाते हैं ।*

अष्टाविंशतिधाऽशक्तिः ॥१३॥

अष्टा-विंशति — (पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, मन, नौ अतुष्टियाँ और आठ असिद्धियाँ, ये) अट्ठाईस
धा — प्रकार की
अशक्तिः — अशक्तियाँ अर्थात् बुद्धि का वध (हैं) ।

***संगति** — अब तुष्टियों के भेद बतलाते हैं ।*

नवधा तुष्टिः ॥१४॥

नव — (प्रकृति, उपादान, काल, भाग्य, शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध, ये) नौ
धा — प्रकार की
तुष्टिः — तुष्टियाँ[११] (हैं) ।

---

[१०] **साधनपाद** — सूत्र ३ से ९ ।

[११] **नौ तुष्टियाँ** — चार आध्यात्मिक तुष्टियाँ प्रकृति, उपादान, काल और भाग्य हैं, जिन के झूठे भरोसे पुरुष स्वरूपस्थिति का यत्न नहीं करता और पाँच बाह्य तुष्टियाँ शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध हैं, जिन से पुरुष स्वरूपस्थिति को समझे बिना संतुष्ट रहता है और जो वास्तव में दुःखों (अर्थात् विषय प्राप्ति, रक्षा, नाश, भोग और दूसरों की हिंसा) के कारण हैं ।

संगति — अब सिद्धियों के भेद बतलाते हैं ।

अष्टधा सिद्धिः ॥१५॥

अष्ट — (ऊह अर्थात् पूर्व जन्म के संस्कारों से ज्ञान होना, शब्द अर्थात् गुरु के उपदेश से ज्ञान होना, अध्ययन, सुहृत्प्राप्ति अर्थात् सिद्ध पुरुष से ज्ञान मिलना, दान, आध्यात्मिक दुःखहान, आधिभौतिक दुःखहान और आधिदैविक दुःखहान, ये) आठ
धा — प्रकार की
सिद्धिः — सिद्धियाँ (हैं) ।

संगति — अब अगले सूत्र में मूल धर्म बतलाते हैं ।

दश मौलिकार्थाः ॥१६॥

दश — (अस्तित्व, संयोग, वियोग, शेषवृत्तित्व, एकत्व, अर्थवत्त्व, पारार्थ्य, अन्यता, अकर्तृत्व और बहुत्व, ये) दस
मौलिक — मूल
अर्थाः — धर्म[१२] (हैं) ।

[१२] **दस मौलिक धर्म** — अस्तित्व अर्थात् पुरुष और अव्यक्त का अस्तित्व, संयोग अर्थात् पुरुष और अव्यक्त के संयोग से सृष्टि निर्माण, वियोग अर्थात् पुरुष और अव्यक्त के वियोग से मोक्ष, शेषवृत्तित्व अर्थात् जीवन-मुक्त की शेष-वृत्ति, एकत्व अर्थात् अव्यक्त का एकत्व होना, अर्थवत्त्व अर्थात् अव्यक्त का जीव के लिए भोग और अपवर्ग (स्वरूपस्थिति), पारार्थ्य अर्थात् अव्यक्त का जीव के लिए प्रयोजन, अन्यता अर्थात् अन्तःकरणों का भिन्न

संगति — अब अगले सूत्र में सृष्टि-रचना का प्रयोजन बताते हैं ।

अनुग्रहः सर्गः ॥१७॥

अनुग्रहः — अनुग्रह
सर्गः — सृष्टि (है) ।

संगति — अब प्राणियों की सृष्टि बतलाते हैं ।

चतुर्दशविधो भूतसर्गः ॥१८॥

चतुर्दशविधः — (ब्रह्मा, प्राजापत्य, ऐन्द्र, दैव, गान्धर्व, पित्र्य, विदेह, प्रकृतिलय, मानुष, पशु, पक्षी, रेंगनेवाले जन्तु, कीट और स्थावर, इन) चौदह प्रकार की
भूत — प्राणियों (की)
सर्गः — सृष्टि (है) ।

संगति — अब अगले सूत्र में बन्ध बतलाते हैं ।

त्रिविधो बन्धः ॥१९॥

त्रिविधः — (वैकृतिक, दाक्षिणिक और प्राकृतिक, ये) तीन प्रकार के
बन्धः — बन्ध[१३] अर्थात् पुरुष और प्रकृति का संयोग (हैं) ।

होना, अकर्तृत्व अर्थात् पुरुष चेतन-तत्त्व का अकर्ता और द्रष्टा मात्र होना, बहुत्व अर्थात् पुरुष का अनन्त होना ।

[१३] **तीन बन्ध और मोक्ष** — वैकृतिक अर्थात् आत्म-साक्षात्कार से शून्य रहकर वितर्कानुगत भूमि में आसक्त होना, दाक्षिणिक अर्थात् आत्म-साक्षात्कार से शून्य रहकर विचारानुगत भूमि में आसक्त

संगति — अब अगले सूत्र में मोक्ष बतलाते हैं ।

त्रिविधो मोक्षः ॥२०॥

त्रिविधः — (वैकृतिक, दाक्षिणिक और प्राकृतिक, ये) तीन प्रकार के
मोक्षः — मोक्ष[१३] अर्थात् पुरुष और प्रकृति का वियोग (हैं) ।

संगति — अब प्रमाण का स्वरूप बतलाया जाता है ।

त्रिविधं प्रमाणम् ॥२१॥

त्रिविधं — (प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम, ये) तीन प्रकार के
प्रमाणम् — प्रमाण[१४] (हैं) ।

संगति — अब दुःख का स्वरूप बतलाते हैं ।

त्रिविधं दुःखम् ॥२२॥

त्रिविधं — (आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक, ये) तीन प्रकार के
दुःखम् — दुःख (हैं) ।

संगति — अन्त में सांख्य-दर्शन का मुख्य ध्येय बतलाया जाता है ।

होना, प्राकृतिक अर्थात् आत्म-साक्षात्कार से शून्य रहकर आनन्दानुगत तथा अस्मितानुगत भूमियों में आसक्त होना ।

[१४] **साधनपाद** — सूत्र ७ ।

एतत् सम्यग् ज्ञात्वा कृतकृत्यः स्यात् । न पुनस्त्रिविधेन दुःखेनाभिभूयते ॥२३॥

एतत् — यह
सम्यग् — ठीक प्रकार (से)
ज्ञात्वा — जान कर (योगी)
कृतकृत्यः — कृतार्थ
स्यात् — हो जाता है (और)
पुनः — फिर
त्रिविधेन — तीन प्रकार (के)
दुःखेन — दुःखों से
न — नहीं
अभिभूयते — दबाया जाता ।

-ॐ-

समाधिपाद

संगति *— समाधिपाद में समाहित-चित्त वालों के लिए समाधि के उपाय बतलाते हैं ।*

अथ योगानुशासनम् ॥१॥

अथ — अब (आरम्भ करते हैं)
योग — योग (की)
अनु-शासनम् — पहले से विद्यमान (लक्षण, भेद, उपाय और फलों सहित) शिक्षा (देने वाले ग्रन्थ को) ।

संगति *— योग की क्या परिभाषा है ?*

योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः ॥२॥

योगः — योग
चित्त — चित्त अर्थात् अन्तःकरण[१५] (की)

---

[१५] **अन्तःकरण** — चित्त अर्थात् भूत और भविष्य स्मरण, अहंकार अर्थात् अहं और मम, बुद्धि अर्थात् निश्चय और अवधारण, मन अर्थात् सङ्कल्प और विकल्प ।

अन्तःकरण की पाँच अवस्थाएँ — मूढ़ अर्थात् तमस् प्रधान, क्षिप्त अर्थात् रजस् प्रधान, विक्षिप्त अर्थात् तमस् और रजस् प्रधान, एकाग्र अर्थात् सत्त्व प्रधान, निरुद्ध अर्थात् गुणातीत ।

मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त अन्तःकरण का धर्म — काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार और मात्सर्य ।

वृत्ति — वृत्तियों (का)
निरोधः — रुकना अर्थात् वृत्तियों का अन्तर्मुख हो कर चित्त में लीन हो जाना (है) ।

संगति *— वृत्तियों के निरोध होने पर पुरुष की क्या अवस्था होती है?*

तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम् ॥३॥

तदा — तब (वृत्तियों के निरोध होने पर)
द्रष्टुः — द्रष्टा अर्थात् पुरुष की
स्वरूपे — अपने ही रूप अर्थात् चेतन-मात्र में
अवस्थानम् — स्थिति (होती है) ।

संगति *— वृत्तियों के निरोध से भिन्न व्युत्थान-अवस्था अर्थात् निरोध के विरोध में पुरुष का क्या स्वरूप होता है ?*

वृत्तिसारूप्यमितरत्र ॥४॥

इतरत्र — दूसरी अर्थात् वृत्तियों के निरोध से भिन्न अवस्था में (पुरुष)
वृत्ति — वृत्ति (के)
सारूप्यम् — समान रूप (होता है) ।

संगति *— वृत्तियाँ कितने प्रकार की होती हैं ?*

वृत्तयः पञ्चतय्यः क्लिष्टाक्लिष्टाः ॥५॥

वृत्तयः — (उपर्युक्त) वृत्तियाँ
पञ्चतय्यः — पाँच प्रकार (की होती हैं, जो)
क्लिष्टाः — क्लिष्ट अर्थात् राग-द्वेष आदि क्लेशों की कारण (और)

अक्लिष्टाः — अक्लिष्ट अर्थात् राग-द्वेष आदि क्लेशों का नाश करने वाली (होती हैं) ।

संगति — उक्त पाँच वृत्तियों के क्या नाम हैं ?

प्रमाणविपर्ययविकल्पनिद्रास्मृतयः ॥६॥

प्रमाण — प्रमाण,
विपर्यय — विपर्यय,
विकल्प — विकल्प,
निद्रा — निद्रा (और)
स्मृतयः — स्मृति, (ये पाँच प्रकार की वृत्तियाँ हैं) ।

संगति — प्रमाण-वृत्ति के क्या भेद हैं ?

प्रत्यक्षानुमानागमाः प्रमाणानि ॥७॥

प्रत्यक्ष — यथार्थ ज्ञान, (कार्य और कारण[१६] के सम्बन्ध से उत्पन्न)
अनुमान — अप्रत्यक्ष पदार्थ का ज्ञान (और)
आगमाः — वेद, शास्त्र तथा आप्त-पुरुष के वचन, (ये तीन प्रकार की इन्द्रियों और विषय के सम्बन्ध में)
प्रमाणानि — प्रमाण (वृत्तियाँ हैं) ।

---

[१६] **कार्य और कारण** — प्रत्येक कार्य (पदार्थ) अपने कारण में अव्यक्त और व्यक्त रूप से विद्यमान रहता है । वस्तुतः कोई भी पदार्थ पूर्ण रूप से नष्ट नहीं होता है । कारण से कार्य की अभिव्यक्ति कार्य का उत्पन्न होना है और कार्य का कारण में लय होना कार्य का अभाव है । सांख्य के इस सिद्धान्त को सत्यकार्यवाद कहते हैं ।

संगति — विपर्यय-वृत्ति क्या है ?

विपर्ययो मिथ्याज्ञानमतद्रूपप्रतिष्ठम् ॥८॥

विपर्ययः — विपर्यय (पदार्थ का)
मिथ्या — भ्रामक
ज्ञानम् — ज्ञान (है, जो)
अतद्रूप — उस (पदार्थ के वास्तविक) रूप में नहीं
प्रतिष्ठम् — प्रतिष्ठित (है) ।

संगति — विकल्प-वृत्ति के क्या लक्षण हैं ?

शब्दज्ञानानुपाती वस्तुशून्यो विकल्पः ॥९॥

शब्द — (जो ज्ञान) शब्द (से उत्पन्न)
ज्ञान — ज्ञान (के)
अनुपाती — पीछे चलने वाला (और)
वस्तु — वस्तु (की सत्ता से)
शून्यः — शून्य (हो, वह)
विकल्पः — विकल्प अर्थात् कल्पना (कहलाता है) ।

संगति — निद्रा-वृत्ति क्या है ?

अभावप्रत्ययालम्बना वृत्तिर्निद्रा ॥१०॥

अभाव — (जाग्रत और स्वप्न अवस्था की) अनुपस्थिति (के ज्ञान की)
प्रत्यय — प्रतीति (को)
आलम्बना — आश्रय देने वाली

वृत्तिः — वृत्ति (को)
निद्रा — निद्रा अर्थात् सुषुप्ति (कहते हैं) ।

***संगति** — स्मृति-वृत्ति क्या है ?*

अनुभूतविषयासम्प्रमोषः स्मृतिः ॥११॥
अनुभूत — (प्रमाण, विपर्यय, विकल्प और निद्रा के) अनुभव किए हुए
विषय — विषय (का)
असम्प्रमोषः — न खोया जाना अर्थात् किसी सहायक विषय को पा कर संस्कार का फिर से प्रकट हो जाना
स्मृतिः — स्मृति (कहलाता है) ।

***संगति** — उक्त पाँचों प्रकार की वृत्तियों के निरोध के क्या उपाय हैं ?*

अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः ॥१२॥
अभ्यास — अभ्यास (और)
वैराग्याभ्याम् — वैराग्य से
तत् — उन (पाँच प्रकार की वृत्तियों का)
निरोधः — निरोध (होता है) ।

***संगति** — अभ्यास क्या है ?*

तत्र स्थितौ यत्नोऽभ्यासः ॥१३॥
तत्र — उन (दोनों, अभ्यास और वैराग्य, में से चित्त की)
स्थितौ — स्थिरता के लिए (निरंतर)

यत्नः — प्रयत्न (करना)
अभ्यासः — अभ्यास (है) ।

***संगति** — अभ्यास दृढ़ कैसे होता है ?*

स तु दीर्घकालनैरन्तर्यसत्कारासेवितो दृढ़भूमिः ॥१४॥
तु — किन्तु
सः — वह (अभ्यास)
दीर्घ — बहुत
काल — समय (तक),
नैरन्तर्य — निरन्तर (और)
सत्कार — सत्कार से (ठीक ठीक)
आसेवितः — सेवन किया हुआ
दृढ़ — दृढ़
भूमिः —अवस्था (वाला हो जाता है) ।

***संगति** — दो प्रकार के वैराग्य, अपर और पर, में से सम्प्रज्ञात समाधि के साधन अपर-वैराग्य के क्या लक्षण हैं ?*

दृष्टानुश्रविकविषयवितृष्णस्य वशीकारसंज्ञा वैराग्यम् ॥१५॥
दृष्ट — देखे हुए अर्थात् लोक में दृष्टिगोचर होने वाले (और वेद शास्त्रों द्वारा)
आनुश्रविक — सुने हुए
विषय — विषयों (में, जो)
वितृष्णस्य — तृष्णा रहित (है), उसका
वैराग्यम् — वैराग्य

वशीकार — अपर-वैराग्य
संज्ञा — नाम वाला (है) ।

संगति *— असम्प्रज्ञात समाधि का साधन पर-वैराग्य क्या है ?*

तत्परं पुरुषख्यातेर्गुणवैतृष्ण्यम् ॥१६॥

तत् — वह (वैराग्य)
परम् — पर अर्थात् सबसे श्रेष्ठ (है, जिसमें)
पुरुष-ख्यातेः — प्रकृति-पुरुष के विवेकज्ञान अर्थात् विवेकख्याति (के उदय होने से पुरुष)
गुण — गुणों (से)
वैतृष्ण्यम् — तृष्णा रहित (हो जाता है) ।

संगति *— अब अपर-वैराग्य वाली सम्प्रज्ञात अर्थात् सबीज समाधि के चार अवान्तर भेद अर्थात् वितर्क, विचार, आनन्द और अस्मिता स्वरूप को बतलाते हैं ।*

वितर्कविचारानन्दास्मितारूपानुगमात् सम्प्रज्ञातः ॥१७॥

वितर्क — पाँच स्थूलभूत-विषयक तथा स्थूल इन्द्रिय-विषयक ग्राह्य भावना,
विचार — सूक्ष्मभूत-विषयक तथा सूक्ष्म इन्द्रिय-विषयक ग्राह्य भावना,
आनन्द — तन्मात्राओं तथा इन्द्रियों के कारण सत्त्व-प्रधान अहंकार-विषयक केवल ग्रहण भावना (और)
अस्मिता — चेतन से प्रतिबिम्बित चित्तसत्त्व बीज रूप अहंकार-विषयक ग्रहीतृ भावना, (इन से सम्बद्ध)

रूप — स्वरूपों (के)
अनुगमात् — सम्बन्ध से (जो चित्त की वृत्तियों का निरोध है, वह)
सम्प्रज्ञातः — सम्प्रज्ञात (समाधि है) ।

संगति *— अब पर-वैराग्य वाली असम्प्रज्ञात अर्थात् निर्बीज समाधि का लक्षण बतलाया जाता है ।*

विरामप्रत्ययाभ्यासपूर्वः संस्कारशेषोऽन्यः ॥१८॥

विराम — (सब वृत्तियों के) निरोध (के)
प्रत्यय — कारण अर्थात् पर-वैराग्य (के)
पूर्वः — पुनः पुनः
अभ्यास — अभ्यास (से जो)
संस्कार — संस्कार (मात्र)
शेषः — शेष (रह जाते हैं, वे)
अन्यः — दूसरी अर्थात् असम्प्रज्ञात (समाधि हैं) ।

संगति *— किस प्रकार के साधक का योग शीघ्र सिद्ध होता है ?*

भवप्रत्ययो विदेहप्रकृतिलयानाम् ॥१९॥

विदेह — योगी जो पिछले जन्म में वितर्कानुगत और विचारानुगत समाधि सिद्ध कर चुके हैं और आनन्दानुगत समाधि का अभ्यास कर रहे हैं (और)
प्रकृतिलयानाम् — योगी जो पिछले जन्म में आनन्दानुगत समाधि सिद्ध कर चुके हैं और अस्मितानुगत समाधि का अभ्यास कर रहे हैं, (उन दोनों को अगले जन्म में)
भव — जन्म (से ही असम्प्रज्ञात समाधि की)
प्रत्ययः — प्रतीति (होती है) ।

संगति — भवप्रत्यय से भिन्न उपायप्रत्यय[१७] *वालों के लिए असम्प्रज्ञात समाधि के क्या उपाय हैं ?*

श्रद्धावीर्यस्मृतिसमाधिप्रज्ञापूर्वक इतरेषाम् ॥२०॥

इतरेषाम् — दूसरे (योगी जो विदेही और प्रकृतिलय नहीं हैं), उनको
श्रद्धा — श्रद्धा,
वीर्य — उत्साह,
स्मृति — ज्ञान के संस्कारों के जाग्रत होने,
समाधि — समाधि (और)
प्रज्ञा-पूर्वकः — प्रज्ञा अर्थात् विवेक, (इन पाँचों से असम्प्रज्ञात समाधि सिद्ध होती है) ।

संगति — उपायप्रत्यय वालों की सबसे अन्तिम श्रेणी अर्थात् अधिमात्र उपाय और तीव्र संवेग वाले योगियों को शीघ्र समाधि लाभ होता है । उन्हीं का वर्णन अगले सूत्र में करते हैं ।

---

[१७] **उपायप्रत्यय** — श्रद्धा, वीर्य आदि उपाय तीन प्रकार के अर्थात् मृदु, मध्यम और अधिमात्र होते हैं । इन तीनों के भी तीन प्रकार के संवेग अर्थात् मृदु, मध्यम और अधिमात्र होते हैं । इस प्रकार उपायप्रत्यय वालों के नौ भेद अर्थात् मृदु उपाय और मृदु संवेग, मृदु उपाय और मध्यम संवेग, मृदु उपाय और तीव्र संवेग, मध्यम उपाय और मृदु संवेग, मध्यम उपाय और मध्यम संवेग, मध्यम उपाय और तीव्र संवेग, अधिमात्र उपाय और मृदु संवेग, अधिमात्र उपाय और मध्यम संवेग, अधिमात्र उपाय और तीव्र संवेग होते हैं।

तीव्रसंवेगानामासन्नः ॥२१॥

तीव्र — तीव्र
संवेगानाम् — गति अर्थात् वैराग्य (और श्रद्धा, वीर्य आदि उपायों की अधिमात्र) से (समाधि)
आसन्नः — निकटतम (होती है) ।

संगति — उक्त तीव्र संवेग के क्या भेद हैं ?

मृदुमध्याधिमात्रत्वात् ततोऽपि विशेषः ॥२२॥

ततः — उस
मृदु — हल्के (तीव्र संवेग) और
मध्य — मध्यम (तीव्र संवेग से)
अपि — भी
अधिमात्रत्वात् — अधिमात्र (तीव्र संवेग) में (समाधि लाभ में)
विशेषः — विशेषता (होती है) ।

संगति — क्या पूर्वोक्त अधिमात्र उपाय और अधिमात्र तीव्र संवेग से ही शीघ्रतम समाधि लाभ होता है अथवा कोई और भी सुगम उपाय है?

ईश्वरप्रणिधानाद्वा ॥२३॥

वा — अथवा
ईश्वर-प्रणिधानात् — ईश्वर के गुणों का पुनः पुनः चिन्तन करने और कर्म और कर्म-फल ईश्वर के प्रति समर्पण करने से (शीघ्रतम समाधि लाभ होता है) ।

संगति — ईश्वर के क्या लक्षण हैं ?

क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः ॥२४॥

क्लेश — क्लेश,
कर्म — कर्म, (कर्मों के)
विपाक — फल (और वासनाओं के)
आशयैः — आवास अर्थात् वासनाओं से
अपरामृष्टः — स्पर्श रहित
ईश्वरः — ईश्वर (अन्य)
पुरुष-विशेषः — पुरुषों (से) विशेष (चेतन है) ।

संगति — ईश्वर की क्या विशेषता है ?

तत्र निरतिशयं सर्वज्ञबीजम् ॥२५॥

तत्र — उस (ईश्वर में)
सर्वज्ञ — सर्वज्ञता (का)
बीजम् — कारण अर्थात् स्रोत
निरतिशयम् — अतिशय रहित अर्थात् सीमा को प्राप्त (है) ।

संगति — ईश्वर की और क्या विशेषता है ?

पूर्वेषामपि गुरुः कालेनानवच्छेदात् ॥२६॥

पूर्वेषाम् — (वह ईश्वर) पूर्व उत्पन्न (गुरुओं) का
अपि — भी
गुरुः — गुरु (है, क्योंकि वह ईश्वर)
कालेन — समय से
अनवच्छेदात् — सीमित नहीं अर्थात् सर्वकाल में विद्यमान (है) ।

संगति — ईश्वर का वाचक नाम क्या है ?

तस्य वाचकः प्रणवः ॥२७॥

तस्य — उस (ईश्वर का)
वाचकः — बोधक शब्द अर्थात् नाम
प्रणवः — ओ३म्[१८] (है) ।

संगति — ईश्वर-प्रणिधान का क्या लक्षण है ?

तज्जपस्तदर्थभावनम् ॥२८॥

तत् — उस (प्रणव का)
जपः — जप (और)
तत् — उस (ईश्वर के)
अर्थ — अर्थस्वरूप (का)
भावनम् — ध्यान करना अर्थात् पुनः पुनः चिन्तन करना (ईश्वर-प्रणिधान है) ।

संगति — असम्प्रज्ञात समाधि से पूर्व ईश्वर-प्रणिधान के क्या विशेष फल हैं ?

ततः प्रत्यक्चेतनाधिगमोऽप्यन्तरायाभावश्च ॥२९॥

ततः — उस (ईश्वर-प्रणिधान से पुरुष को)
प्रत्यक्-चेतना — जीवात्मा (की)
अधिगमः — प्राप्ति अर्थात् साक्षात्कार
अपि — भी (होता है)

---

[१८] **परिशिष्ट** — ॐ तालिका ।

च — और
अन्तराय — विघ्नों (का)
अभावः — अभाव (भी) ।

संगति — ईश्वर-प्रणिधान से जिन विघ्नों का अभाव बतलाया गया है, उन विघ्नों का क्या स्वरूप है ?

व्याधिस्त्यानसंशयप्रमादालस्याविरतिभ्रान्तिदर्शनालब्धभूमिकत्वानवस्थितत्वानि चित्तविक्षेपास्तेऽन्तरायाः ॥३०॥

व्याधि — रोग,
स्त्यान — चित्त की अकर्मण्यता अर्थात् इच्छा होने पर भी योग में सामर्थ्य न होना,
संशय — शंका,
प्रमाद — समाधि के साधनों का अनुष्ठान न करना,
आलस्य — आलस्य,
अविरति — विषयों में तृष्णा बनी रहना,
भ्रान्ति-दर्शन — मिथ्या ज्ञान,
अलब्ध-भूमिकत्व — रुकावट के कारण समाधि में न पहुँच पाना,
अनवस्थितत्वानि — समाधि में पहुँच कर उस में चित्त का न ठहरना,
ते — ये
चित्त — चित्त (के नौ)
विक्षेपाः — विक्षेप, (योग के मूल)
अन्तरायाः — विघ्न (हैं) ।

संगति — पूर्वोक्त नौ विक्षेप अगले पाँच उपविक्षेपों को उपस्थित करते हैं ।

दुःखदौर्मनस्याङ्गमेजयत्वश्वासप्रश्वासा विक्षेपसहभुवः ॥३१॥

दुःख — दुःख,
दौर्मनस्य — इच्छा पूर्ति न होने पर मन में क्षोभ,
अङ्गमेजयत्व — शरीर के अङ्गों का काँपना, (बिना इच्छा के)
श्वास — साँस का अंदर आना (और बिना इच्छा के)
प्रश्वासाः — साँस का बाहर जाना, (ये पाँच उप)
विक्षेप — विक्षेप (पूर्वोक्त नौ अन्तरायों के)
सहभुवः — साथ होते हैं ।

संगति — विक्षिप्त चित्त वालों के लिए नौ विक्षेपों और पाँच उपविक्षेपों के निरोध के क्या उपाय हैं ?

तत्प्रतिषेधार्थमेकतत्त्वाभ्यासः ॥३२॥

तत् — उन (विक्षेपों को)
प्रतिषेधार्थम् — दूर करने के लिए
एकतत्त्व — एक तत्त्व अर्थात् इष्ट (का)
अभ्यासः — अभ्यास (करना चाहिए) ।

संगति — चित्त के मल को दूर करने का क्या उपाय है ?

मैत्रीकरुणामुदितोपेक्षाणां सुखदुःखपुण्यापुण्यविषयाणां भावनातश्चित्तप्रसादनम् ॥३३॥

सुख — सुखी,
दुःख — दुःखी,
पुण्य — पुण्यात्मा (और)
अपुण्य — पापात्मा (के)

विषयाणाम् — विषयों में (यथाक्रम से)
मैत्री — मित्रता,
करुणा — दया,
मुदिता — हर्ष (और)
उपेक्षाणाम् — उदासीनता (की)
भावनातः — भावना (के अनुष्ठान) से
चित्त-प्रसादनम् — चित्त निर्मल और प्रसन्न (होता है) ।

संगति — *निर्मल और प्रसन्न चित्त वाले उत्तम अधिकारियों के लिए चित्त-स्थिति का पहला उपाय क्या है ?*

प्रच्छर्दनविधारणाभ्यां वा प्राणस्य ॥३४॥

वा — या तो
प्राणस्य — प्राण को (नासिका द्वारा प्रयत्न विशेष से)
प्रच्छर्दन — बाहर फेंकने (और)
विधारणाभ्याम् — रोकने से (मन की स्थिति को बाँधा जाता है) ।

संगति — *चित्त-स्थिति अथवा निरोध का दूसरा उपाय क्या है ?*

विषयवती वा प्रवृत्तिरुत्पन्ना मनसः स्थितिनिबन्धिनी ॥३५॥

वा — अथवा (दिव्य गन्ध, रस, रूप, स्पर्श अथवा शब्द)
विषयवती — विषयों वाली
प्रवृत्तिः — प्रवृत्ति
उत्पन्ना — उत्पन्न (हो कर)
मनसः — मन की
स्थिति — स्थिति (को)
निबन्धिनी — बाँधने वाली (होती है) ।

संगति — *चित्त-स्थिति का तीसरा उपाय क्या है ?*

विशोका वा ज्योतिष्मती ॥३६॥

वा — अथवा
विशोका — शोक रहित (सात्त्विक)
ज्योतिष्मती — प्रकाश वाली (प्रवृत्ति भी मन की स्थिति को बाँधने वाली होती है) ।

संगति — *चित्त-स्थिति का चौथा उपाय क्या है ?*

वीतरागविषयं वा चित्तम् ॥३७॥

वा — अथवा
राग — राग
वीत — रहित
विषयम् — विषय वाला (महान् योगियों का)
चित्तम् — चित्त (मन की स्थिति को बाँधने वाला होता) है ।

संगति — *चित्त-स्थिति का पाँचवाँ उपाय क्या है ?*

स्वप्ननिद्राज्ञानालम्बनं वा ॥३८॥

वा — अथवा
स्वप्न — स्वप्न (और)
निद्रा — निद्रा (के)
ज्ञान — ज्ञान (का)
आलम्बनम् — आश्रय (करने वाला चित्त मन की स्थिति को बाँधने वाला होता है) ।

संगति — चित्त-स्थिति का छठा उपाय क्या है ?

यथाभिमतध्यानाद्वा ॥३९॥

वा — अथवा (जिसको)
यथा — जो
अभिमत — इष्ट (हो, उस के)
ध्यानात् — ध्यान से (मन की स्थिति बँध जाती है) ।

संगति — चित्त-स्थिति का क्या फल है ?

परमाणुपरममहत्त्वान्तोऽस्य वशीकारः ॥४०॥

अस्य — (पूर्वोक्त उपायों से स्थिर हुए चित्त) का (सूक्ष्म पदार्थ)
परमाणु — परमाणु (आदि से ले कर)
परम-महत्त्व-अन्तः — परम महान् (पदार्थों में)
वशीकारः — वशीकार (हो जाता है) ।

संगति — स्थिर चित्त की क्या स्थिति होती है ?

क्षीणवृत्तेरभिजातस्येव मणेर्ग्रहीतृग्रहणग्राह्येषु तत्स्थतदञ्जनता समापत्तिः ॥४१॥

क्षीण — क्षीण (रजस् और तमस् गुण)
वृत्तेः — वृत्ति (वाले चित्त का)
अभिजातस्य — उत्तम जाति की (स्फटिक)
मणेः — मणि (की)
इव — भाँति
ग्रहीतृ — ग्रहीता अर्थात् अस्मिता,
ग्रहण — ग्रहण अर्थात् इन्द्रिय (और)

ग्राह्येषु — ग्राह्य अर्थात् स्थूल भूत तथा सूक्ष्म तन्मात्रा (विषय) में
तत्स्थ — एकाग्र स्थित (हो कर)
तदञ्जनता — उसी (विषय के) स्वरूप को प्राप्त हो जाना (सम्प्रज्ञात)
समापत्तिः — समाधि अर्थात् चित्त का विषय के साथ तदाकार हो जाना (है) ।

संगति — अब इस समापत्ति अर्थात् सबीज-समाधि के चार भेदों में से पहले भेद का वर्णन करते हैं ।

तत्र शब्दार्थज्ञानविकल्पैः संकीर्णा सवितर्का समापत्तिः ॥४२॥

तत्र — उन (समापत्तियों में से)
शब्द — शब्द,
अर्थ — अर्थ (और विषय)
ज्ञान — ज्ञान (के तीनों)
विकल्पैः — भेदों से
संकीर्णा — मिली हुई (समाधि)
सवितर्का — सवितर्क अर्थात् विशेष तर्क सहित (अथवा सविकल्प)
समापत्तिः — समापत्ति (कहलाती है) ।

संगति — समापत्ति का दूसरा भेद क्या है ?

स्मृतिपरिशुद्धौ स्वरूपशून्येवार्थमात्रनिर्भासा निर्वितर्का ॥४३॥

स्मृति — स्मृति (के)
परिशुद्धौ — शुद्ध अर्थात् आगम और अनुमान के शब्द और ज्ञान से रहित (हो जाने पर)
स्वरूप — अपने रूप (से)

शून्या — शून्य
इव — जैसी (केवल ध्येय)
अर्थ — अर्थ
मात्र — मात्र (सी)
निर्भासा — भासने वाली (चित्त वृत्ति)
निर्वितर्का — निर्वितर्क अथवा निर्विकल्प (समापत्ति कहलाती है) ।

संगति — समापत्ति का तीसरा और चौथा भेद क्या है ?

एतयैव सविचारा निर्विचारा च सूक्ष्मविषया व्याख्याता ॥४४॥

एतया — इन अर्थात् पूर्वोक्त सवितर्क और निर्वितर्क समापत्तियों (के निरूपण) से
एव — ही
सविचारा — सविचार (और)
निर्विचारा — निर्विचार (समापत्तियाँ)
च — भी
सूक्ष्म — सूक्ष्म
विषया — विषयों (में)
व्याख्याता — वर्णन (की हुईं समझनी चाहिएं) ।

संगति — सूक्ष्म विषय कहाँ तक हैं ?

सूक्ष्मविषयत्वं चालिङ्गपर्यवसानम् ॥४५॥

च — तथा
सूक्ष्म — सूक्ष्म
विषयत्वम् — विषयता
अलिङ्ग — लिङ्ग-रहित अर्थात् मूलप्रकृति (किसी में न लीन होने

वाली गुणों की साम्यावस्था)
पर्यवसानम् — पर्यन्त अर्थात् सीमा तक (फैली हुई है) ।

संगति — अतः सवितर्क, निर्वितर्क, सविचार और निर्विचार, ये चारों समापत्तियाँ सबीज-समाधि हैं । निर्विचार की उच्चतर और उच्चतम अवस्थाएं, क्रमशः, आनन्दानुगत और अस्मितानुगत कहलाती हैं ।

ता एव सबीजः समाधिः ॥४६॥

ता — ये (पूर्वोक्त चारों समापत्तियाँ)
एव — ही
सबीजः — सबीज
समाधिः — समाधि (कहलाती हैं) ।

संगति — सबसे श्रेष्ठ निर्विचार-समाधि का क्या फल है ?

निर्विचारवैशारद्येऽध्यात्मप्रसादः ॥४७॥

निर्विचार — निर्विचार (की)
वैशारद्ये — प्रवीणता से
अध्यात्म — प्रज्ञा (की)
प्रसादः — निर्मलता (होती है) ।

संगति — इस प्रज्ञा का सार्थक नाम क्या है ?

ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा ॥४८॥

तत्र — उस (अध्यात्म-प्रसाद से)
ऋतम्भरा — सत्य को धारण करने वाले (और अविद्या से रहित)
प्रज्ञा — ज्ञान (की उत्पत्ति होती है) ।

संगति — ऋतम्भरा प्रज्ञा की क्या श्रेष्ठता है ?

श्रुतानुमानप्रज्ञाभ्यामन्यविषया विशेषार्थत्वात् ॥४९॥

श्रुत — आगम (और)
अनुमान — अनुमान (की)
प्रज्ञाभ्याम् — प्रज्ञा से (ऋतम्भरा प्रज्ञा का)
विषया — विषय
अन्य — भिन्न (है),
विशेष — विशेष (रूप से)
अर्थत्वात् — अर्थ को साक्षात्कार करने के सन्दर्भ में ।

संगति — ऋतम्भरा प्रज्ञा का क्या फल है ?

तज्जः संस्कारोऽन्यसंस्कारप्रतिबन्धी ॥५०॥

तत्-जः — उस (ऋतम्भरा-प्रज्ञा) से उत्पन्न होने वाला
संस्कारः — संस्कार
अन्य — दूसरे (सब व्युत्थान के)
संस्कार — संस्कारों (को)
प्रतिबन्धी — रोकने वाला (होता है) ।

संगति — अब निर्बीज-समाधि अर्थात् कैवल्य अवस्था क्या है ?

तस्यापि निरोधे सर्वनिरोधान्निर्बीजः समाधिः ॥५१॥

तस्य — (पर-वैराग्य द्वारा) उस (ऋतम्भरा-प्रज्ञा-जन्य संस्कार) के
अपि — भी
निरोधे — निरोध (हो जाने पर)
सर्व — सब (पुरातन और नूतन संस्कारों के)

निरोधात् — निरोध से
निर्बीजः — निर्बीज
समाधिः — समाधि (की उपलब्धि होती है) ।

-ॐ-

साधनपाद

संगति — अब विक्षिप्त-चित्त अर्थात् जिन के लिए अभ्यास और वैराग्य कठिन हैं, उन के लिए समाधि के उपाय बतलाते हैं।

तपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि क्रियायोगः ॥१॥

तपः — तप,
स्वाध्याय — स्वाध्याय (और)
ईश्वर-प्रणिधानानि — ईश्वर-प्रणिधान, (ये तीनों)
क्रिया-योगः — क्रियायोग (है)।

संगति — इस क्रियायोग का क्या प्रयोजन है ?

समाधिभावनार्थः क्लेशतनूकरणार्थश्च ॥२॥

समाधि — (यह क्रियायोग) समाधि (की)
भावना — भावना
अर्थः — के लिए
च — और
क्लेश — क्लेशों (को)
तनू — दुबले
करण — करने (के)
अर्थः — लिए (है)।

संगति — यह क्लेश कौन से हैं ?

अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः क्लेशाः ॥३॥

अविद्या — अविद्या,
अस्मिता — अस्मिता,
राग — राग,
द्वेष — द्वेष (और)
अभिनिवेशाः — अभिनिवेश, (ये पाँच)
क्लेशाः — क्लेश (हैं)।

संगति — अविद्या किन क्लेशों का उत्पत्ति-क्षेत्र है ?

अविद्याक्षेत्रमुत्तरेषां प्रसुप्ततनुविच्छिन्नोदाराणाम् ॥४॥

अविद्या — अविद्या
उत्तरेषाम् — अगले अर्थात् अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश क्लेशों का (उत्पत्ति)
क्षेत्रम् — क्षेत्र है, (जो)
प्रसुप्त — बीजरूप में दबे हुए,
तनु — शिथिल कर दिए गए,
विच्छिन्न — बलवान् क्लेशों से दबे हुए (और)
उदाराणाम् — सहायक विषयों को पाकर अपने कार्य में प्रवृत्त, (इन चार प्रकार की अवस्थाओं वाले होते हैं)।

संगति — अविद्या जो अन्य चारों क्लेशों का मूल कारण है, उस का क्या स्वरूप है ?

अनित्याशुचिदुःखानात्मसु नित्यशुचिसुखात्मख्यातिरविद्या ॥५॥

अनित्य — अनित्य,
अशुचि — अपवित्र,

दुःख — दुःख (और)
अनात्मसु — अनात्मा में (यथाक्रम से)
नित्य — नित्य,
शुचि — पवित्र,
सुख — सुख (और)
आत्म-ख्यातिः — आत्म-भाव (की प्रतीति)
अविद्या — अविद्या (क्लेश है) ।

संगति — अब अस्मिता का क्या स्वरूप है ?

दृग्दर्शनशक्त्योरेकात्मतेवास्मिता ॥६॥
दृक् — (द्रष्टा पुरुष की) दृक् (और प्रकृति की)
दर्शन — दर्शन
शक्त्योः — शक्तियों का
एकात्मता — एक स्वरूप
इव — जैसा (भान होना)
अस्मिता — अस्मिता (क्लेश है) ।

संगति — राग क्या है ?

सुखानुशयी रागः ॥७॥
सुख — सुख (भोग के)
अनुशयी — पीछे (सुख को भोगने की इच्छा)
रागः — राग (क्लेश है) ।

संगति — द्वेष क्या है ?

दुःखानुशयी द्वेषः ॥८॥
दुःख — दुःख (भोग के)
अनुशयी — पीछे (दुःख को न भोगने की इच्छा)
द्वेषः — द्वेष (क्लेश है) ।

संगति — अभिनिवेश क्या है ?

स्वरसवाही विदुषोऽपि तथारूढोऽभिनिवेशः ॥९॥
स्वरसवाही — (मरने का भय,) जो स्वभाव से ही बह रहा है (और)
विदुषः — विद्वानों (के लिए)
अपि — भी
तथा — ऐसा (ही)
आरूढः — प्रसिद्ध है (जैसा मूर्खों के लिए, वह)
अभिनिवेशः — अभिनिवेश (क्लेश है) ।

संगति — पाँच क्लेशों की चार अवस्थाओं अर्थात् प्रसुप्त, तनु, विच्छिन्न और उदार के बाद अब पाँचवीं अवस्था दग्ध-बीज क्लेशों को त्यागने की क्या विधि है ?

ते प्रतिप्रसवहेयाः सूक्ष्माः ॥१०॥
ते — वे (पूर्वोक्त पाँच क्लेश, जो क्रियायोग से)
सूक्ष्माः — सूक्ष्म (और विवेकख्याति की अग्नि से दग्ध-बीज हो गए हैं, असम्प्रज्ञात समाधि द्वारा)
प्रतिप्रसव — चित्त की प्रलय अर्थात् अपने कारण में लीन होने से (अपने आप)
हेयाः — निवृत्त (हो जाते हैं) ।

संगति — तनु क्लेशों को त्यागने की और क्या विधि है ?

ध्यानहेयास्तद्वृत्तयः ॥११॥

तत् — (क्लेशों की) वे (स्थूल)
वृत्तयः — वृत्तियाँ (जो क्रियायोग से तनु कर दी गई हैं, विवेकख्याति)
ध्यान — ध्यान (द्वारा)
हेयाः — त्यागने योग्य (हैं जब तक वे दग्ध-बीज सदृश न हो जाएँ)।

संगति — कर्माशय का क्या फल है ?

क्लेशमूलः कर्माशयो दृष्टादृष्टजन्मवेदनीयः ॥१२॥

क्लेश — क्लेश (जिस की)
मूलः — जड़ (है, ऐसे)
कर्म — कर्मों (का)
आशयः — आवास अर्थात् वासनाओं का समुदाय
दृष्ट — वर्तमान (और)
अदृष्ट — आने वाले
जन्म — जन्मों[१९] (में)
वेदनीयः — भोगने योग्य (है) ।

[१९] **जन्म-मरण चक्र** — वासना, फल (जाति, आयु और भोग), विपाक (नियत और अनियत), सकाम कर्म (शुक्ल, कृष्ण, कृष्णशुक्ल), कर्माशय, वासना... ।

संगति — कर्माशय का फल किस किस रूप में प्राप्त होता है ?

सति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः ॥१३॥

मूले — (क्लेशों की) जड़ (के)
सति — विद्यमान (रहने तक)
तत् — उस (कर्माशय का परिपक्व)
विपाकः — फल
जाति — जन्म,
आयुः — जीवन-सीमा (और)
भोगाः — भोग (के रूप में प्राप्त होता रहता है) ।

संगति — जाति, आयु और भोग के क्या फल हैं ?

ते ह्लादपरितापफलाः पुण्यापुण्यहेतुत्वात् ॥१४॥

ते — वे अर्थात् जाति, आयु और भोग
ह्लाद — सुख (और)
परिताप — दुःख (रूपी)
फलाः — फल (देते हैं, क्योंकि)
पुण्य — पुण्य (और)
अपुण्य — पाप (उन के यथाक्रम से)
हेतुत्वात् — कारण (हैं) ।

संगति — योगी के लिए सुख और दुःख का क्या स्वरूप है ?

परिणामतापसंस्कारदुःखैर्गुणवृत्तिविरोधाच्च दुःखमेव सर्वं विवेकिनः ॥१५॥

परिणाम — परिणाम,

ताप — ताप (और)
संस्कार — संस्कार, (इन तीन प्रकार के)
दुःखैः — दुःखों[२०] के कारण
च — और (परिणामी)
गुण — गुणों (की)
वृत्ति — वृत्तियों (के परस्पर)
विरोधात् — विरोधी स्वभाव के कारण
विवेकिनः — विवेकी (पुरुष) के लिए
सर्वम् — सब कुछ अर्थात् सुख भी
दुःखम् — दुःख
एव — जैसा (ही है) ।

संगति — कौन सा दुःख त्यागने योग्य अर्थात् हेय है ?

हेयं दुःखमनागतम् ॥१६॥

दुःखम् — (वह) दुःख
हेयम् — त्यागने योग्य (है, जो भविष्य में)
अनागतम् — आने वाला है ।

संगति — दुःख का मूल कारण अर्थात् हेय-हेतु क्या है ?

[२०] **तीन प्रकार के दुःख** — परिणाम अर्थात् विषय सुख भोग के बाद सुख के वियोग की सम्भावना का दुःख, ताप अर्थात् सुख की अपूर्णता और सुख प्राप्ति में विघ्नों का दुःख, संस्कार अर्थात् सुख वियोग के बाद सुख भोग के संस्कारों का दुःख ।

द्रष्टृदृश्ययोः संयोगो हेयहेतुः ॥१७॥

द्रष्टृ — द्रष्टा (और)
दृश्ययोः — दृश्य का
संयोगः — संयोग (उक्त त्याज्य)
हेयः — दुःख (का)
हेतुः — कारण (है) ।

संगति — अब दृश्य क्या है ?

प्रकाशक्रियास्थितिशीलं भूतेन्द्रियात्मकं भोगापवर्गार्थं दृश्यम् ॥१८॥

प्रकाश — सत्त्व,
क्रिया — रजस् (और)
स्थिति — तमस् (जिसका प्रकट)
शीलम् — स्वभाव (है),
भूतेन्द्रिय — भूत और इन्द्रियाँ (जिसका)
आत्मकम् — स्वरूप (है, पुरुष के लिए)
भोग — भोग (और)
अपवर्ग — स्वरूपस्थिति अथवा कैवल्य (जिसका)
अर्थम् — प्रयोजन (है, वह)
दृश्यम् — दृश्य (है) ।

संगति — गुणों की क्या अवस्थाएँ हैं ?

विशेषाविशेषलिङ्गमात्रालिङ्गानि गुणपर्वाणि ॥१९॥

विशेष — विशेष,

अविशेष — अविशेष,
लिङ्गमात्र — लिङ्गमात्र (और)
अलिङ्गानि — अलिङ्ग, (ये चार)
गुण — गुणों (की)
पर्वाणि — अवस्थाएँ अर्थात् परिणाम (हैं) ।

संगति — अब द्रष्टा का क्या स्वरूप है ?

द्रष्टा दृशिमात्रः शुद्धोऽपि प्रत्ययानुपश्यः ॥२०॥

द्रष्टा — (चेतन-मात्र) द्रष्टा, (जो)
दृशिमात्रः — देखने की शक्ति मात्र (है, वह)
शुद्धः — निर्मल अर्थात् निर्विकार (होता हुआ)
अपि — भी (चित्त की वृत्तियों के)
प्रत्ययः — अनुसार
अनुपश्यः — देखने वाला (है) ।

संगति — दृश्य का प्रयोजन किस के लिए है ?

तदर्थ एव दृश्यस्यात्मा ॥२१॥

तत् — उस (द्रष्टा पुरुष के)
अर्थ — लिए
एव — ही
दृश्यस्य — दृश्य का
आत्मा — स्वरूप (है) ।

संगति — क्या द्रष्टा का प्रयोजन सिद्ध होने पर दृश्य नष्ट हो जाता है?

कृतार्थं प्रति नष्टमप्यनष्टं तदन्यसाधारणत्वात् ॥२२॥

कृतार्थम् — (जिस पुरुष का) प्रयोजन अर्थात् भोग और अपवर्ग सिद्ध हो गया है, (उस के)
प्रति — लिए (उक्त दृश्य)
नष्टम् — नष्ट (हो कर)
अपि — भी
अनष्टम् — नष्ट नहीं होता, (क्योंकि)
तत् — वह (दृश्य)
अन्य — दूसरों अर्थात् जिन पुरुषों का प्रयोजन अभी सिद्ध नहीं हुआ, (उन की)
साधारणत्वात् — साझे की वस्तु (है) ।

संगति — द्रष्टा और दृश्य का क्या कारण है ?

स्वस्वामिशक्त्योः स्वरूपोपलब्धिहेतुः संयोगः ॥२३॥

स्व — (प्रकृति-रूप) स्व (और पुरुष-रूप)
स्वामि — स्वामी, (इन दोनों)
शक्त्योः — शक्तियों (के)
स्वरूप — स्वरूप (की)
उपलब्धि — प्राप्ति (का)
हेतुः — कारण
संयोगः — संयोग (है) ।

संगति — इस संयोग का क्या कारण है ?

तस्य हेतुरविद्या ॥२४॥

तस्य — उस (अदर्शनरूपी संयोग अर्थात् अविवेक) का

हेतुः — कारण
अविद्या — अविद्या (है) ।

संगति — *अविद्या और संयोग के अभाव अर्थात् हान से क्या होता है?*

तदभावात् संयोगाभावो हानं तद् दृशेः कैवल्यम् ॥२५॥

तत् — उस (अविद्या की)
अभावात् — अनुपस्थिति से (अदर्शनरूपी)
संयोगः — संयोग (का)
अभावः — अभाव (ही)
हानम् — हान अर्थात् दुःख का अभाव (है और)
तत् — वही
दृशेः — द्रष्टा अर्थात् चितिशक्ति (का)
कैवल्यम् — कैवल्य अर्थात् केवल हो जाना (है) ।

संगति — *हानोपाय अर्थात् दुःख निवृत्ति का क्या उपाय है ?*

विवेकख्यातिरविप्लवा हानोपायः ॥२६॥

अविप्लवा — (संशय और विपर्यय रहित) शुद्ध
विवेकख्यातिः — विवेकज्ञान
हान — हान (का)
उपायः — उपाय (है) ।

संगति — *विवेकख्याति में उत्पन्न प्रज्ञा का क्या स्वरूप है ?*

तस्य सप्तधा प्रान्तभूमिः प्रज्ञा ॥२७॥

तस्य — उस (निर्मल विवेकख्याति वाले योगी) की

सप्तधा — सात प्रकार की
प्रान्तभूमिः — सबसे ऊँची अवस्था वाली
प्रज्ञा — बुद्धि[२१] (होती है) ।

संगति — *इस प्रज्ञा की प्राप्ति का क्या उपाय है ?*

योगाङ्गाऽनुष्ठानादशुद्धिक्षये ज्ञानदीप्तिराविवेकख्यातेः ॥२८॥

योग — योग (के)
अङ्ग — अङ्गों (के)
अनुष्ठानात् — अनुष्ठान से
अशुद्धिः — अशुद्धि (के)
क्षये — नाश होने पर
ज्ञान — ज्ञान (का)
दीप्तिः — प्रकाश
आविवेकख्यातेः — विवेकख्याति पर्यन्त (हो जाता है) ।

---

[२१] **सात प्रकार की प्रज्ञा** — हेय-शून्य अर्थात् दृश्य को जान लेना, हेयहेतु क्षीण अर्थात् द्रष्टा और दृश्य का संयोग दूर कर लेना, प्राप्यप्राप्त अर्थात् स्वरूप को प्राप्त कर लेना, चिकीर्षाशून्य अर्थात् विवेकख्याति का सम्पादन कर लेना, यह चार प्रकार की कार्य विमुक्ति प्रज्ञा है और चित्तसत्त्व-कृतार्थता अर्थात् चित्त का भोग और अपवर्ग देने का काम पूरा कर लेना, गुणलीनता अर्थात् चित्त का अपने कारणरूप गुणों में लीन हो जाना, आत्मस्थिति अर्थात् पुरुष का परमात्मा के स्वरूप में स्थित हो जाना, यह तीन प्रकार की चित्त विमुक्ति प्रज्ञा है ।

संगति — योग के अङ्गों के क्या नाम हैं ?

यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टावङ्गानि ॥२९॥

यम — यम,
नियम — नियम,
आसन — आसन,
प्राणायाम — प्राणायाम,
प्रत्याहार — प्रत्याहार,
धारणा — धारणा,
ध्यान — ध्यान (और)
समाधयः — समाधि, (ये योग के)
अष्टौ — आठ
अङ्गानि — अङ्ग (हैं) ।

संगति — व्यावहारिक यम क्या हैं ?

अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः ॥३०॥

अहिंसा — शरीर, वाणी और मन से समस्त प्राणियों के साथ वैर भाव छोड़ कर प्रेम पूर्वक रहना,
सत्य — यथार्थ ज्ञान,
अस्तेय — अपहरण का अभाव,
ब्रह्मचर्य — इन्द्रियों पर संयम कर के वीर्य की रक्षा करना (और)
अपरिग्रहाः — वस्तुओं का आवश्यकता से अधिक संग्रह न करना, (ये पाँच)
यमाः — यम (हैं) ।

संगति — यम किन किन अवस्थाओं में पालन करने योग्य हैं ?

जातिदेशकालसमयानवच्छिन्नाः सार्वभौमा महाव्रतम् ॥३१॥

जाति — जाति,
देश — स्थान,
काल — काल (और)
समय — विशेष नियम (की)
अनवच्छिन्नाः — सीमा से रहित (और)
सार्वभौमाः — सब अवस्थाओं में पालन करने योग्य, (ये पाँच यम)
महाव्रतम् — महाव्रत (हैं) ।

संगति — वैयक्तिक नियम क्या हैं ?

शौचसंतोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः ॥३२॥

शौच — स्वच्छता,
संतोष — संतुष्टि,
तपः — तप,
स्वाध्याय — स्वाध्याय (और)
ईश्वर-प्रणिधानानि — ईश्वर-प्रणिधान, (ये पाँच)
नियमाः — नियम (हैं) ।

संगति — यम और नियम में विघ्नों को दूर करने के क्या उपाय हैं ?

वितर्कबाधने प्रतिपक्षभावनम् ॥३३॥

वितर्क — वितर्कों (द्वारा यम और नियमों में)
बाधने — रुकावट होने पर
प्रतिपक्ष — विपरीत (भाव का)

भावनम् — चिन्तन (करना चाहिये) ।

***संगति** — प्रतिपक्ष-भावना क्या है ?*

वितर्का हिंसादयः कृतकारितानुमोदिता लोभक्रोधमोहपूर्वका मृदुमध्याधिमात्रा दुःखाज्ञानानन्तफला इति प्रतिपक्षभावनम् ॥३४॥

वितर्काः — वितर्क (यम और नियमों के विरोधी)
हिंसा — हिंसा
आदयः — आदि (भाव) हैं, (जो स्वयं)
कृत — किए हुए, (दूसरों से)
कारित — करवाए हुए (और दूसरों से)
अनुमोदिताः — समर्थन प्राप्त किए हुए, (इन तीन प्रकार के हैं);
लोभ — लोभ,
क्रोध — क्रोध (और)
मोह — मोह (जिन के)
पूर्वकाः — कारण (हैं);
मृदु — मृदु,
मध्य — मध्यम (और)
अधिमात्राः — तीव्र (जिन के भेद हैं);
दुःख — दुःख (और)
अज्ञान — अज्ञान (का)
अनन्त — अनन्त (होना जिन का)
फलाः — फल (है);
इति — ऐसा (विचार करना)
प्रतिपक्ष — प्रतिपक्ष (की)

भावनम् — भावना (है) ।

***संगति** — अहिंसा में स्थिति होने से क्या होता है ?*

अहिंसाप्रतिष्ठायां तत्संनिधौ वैरत्यागः ॥३५॥

अहिंसा — अहिंसा (में)
प्रतिष्ठायाम् — दृढ़ स्थिति हो जाने पर
तत् — उस (अहिंसक योगी के)
संनिधौ — निकट (सब का)
वैर — वैर
त्यागः — छूट (जाता है) ।

***संगति** — सत्य में स्थिति होने से क्या होता है ?*

सत्यप्रतिष्ठायां क्रियाफलाश्रयत्वम् ॥३६॥

सत्य — सत्य (में)
प्रतिष्ठायाम् — दृढ़ स्थिति हो जाने पर (उस योगी की)
क्रिया — क्रिया अर्थात् कर्म
फल — फल (का)
आश्रयत्वम् — आश्रय (बनती है) ।

***संगति** — अस्तेय में दृढ़ होने से क्या होता है ?*

अस्तेयप्रतिष्ठायां सर्वरत्नोपस्थानम् ॥३७॥

अस्तेय — अस्तेय (में)
प्रतिष्ठायाम् — दृढ़ स्थिति हो जाने पर
सर्व — सब

रत्न — रत्नों (की)
उप-स्थानम् — प्राप्ति (होती है) ।

संगति — ब्रह्मचर्य में दृढ़ होने से क्या होता है ?

ब्रह्मचर्यप्रतिष्ठायां वीर्यलाभः ॥३८॥
ब्रह्मचर्य — ब्रह्मचर्य (में)
प्रतिष्ठायाम् — दृढ़ स्थिति हो जाने पर (शारीरिक, मानसिक और आत्मिक)
वीर्य — सामर्थ्य (का)
लाभः — लाभ (होता है) ।

संगति — अपरिग्रह में स्थिति होने से क्या होता है ?

अपरिग्रहस्थैर्ये जन्मकथन्तासम्बोधः ॥३९॥
अपरिग्रह — अपरिग्रह (की)
स्थैर्ये — स्थिरता में
जन्म — जन्म (के)
कथन्ता — कैसे-पन अर्थात् भूत और भविष्य (का)
सम्बोधः — साक्षात् (होता है) ।

संगति — बाह्य शौच से क्या होता है ?

शौचात् स्वाङ्गजुगुप्सा परैरसंसर्गः ॥४०॥
शौचात् — शौच से
स्व — अपने
अङ्ग — अङ्गों (से)

जुगुप्सा — अरुचि अर्थात् राग और ममत्व रहित हो जाना (और)
परैः — दूसरों से
असंसर्गः — संसर्ग का अभाव (होता है) ।

संगति — आभ्यन्तर शौच का क्या फल है ?

सत्त्वशुद्धिसौमनस्यैकाग्र्येन्द्रियजयात्मदर्शनयोग्यत्वानि च ॥४१॥
सत्त्व — (आभ्यन्तर शौच की सिद्धि से) चित्त (की)
शुद्धि — शुद्धि,
सौमनस्य — मन की स्वच्छता,
ऐकाग्र्य — एकाग्रता,
इन्द्रिय — इन्द्रियों (पर)
जय — जीत (और)
आत्म-दर्शन — आत्म दर्शन, (यह पाँच प्रकार की)
योग्यत्वानि — योग्यता
च — भी (प्राप्त होती है) ।

संगति — संतोष का क्या फल है ?

संतोषादनुत्तमसुखलाभः ॥४२॥
संतोषात् — संतोष (से)
अनुत्तम — परम
सुख — सुख
लाभः — प्राप्त (होता है) ।

संगति — तप का क्या फल है ?

कायेन्द्रियसिद्धिरशुद्धिक्षयात्तपसः ॥४३॥

तपसः — तप द्वारा
अशुद्धि — अशुद्धि (के)
क्षयात् — नाश होने से
काय — शरीर (और)
इन्द्रिय — इन्द्रियों (की)
सिद्धिः — सिद्धि (प्राप्त होती है) ।

संगति — स्वाध्याय का क्या फल है ?

स्वाध्यायादिष्टदेवतासम्प्रयोगः ॥४४॥

स्वाध्यायात् — स्वाध्याय से
इष्ट — इष्ट
देवता — देवता (का)
सम्प्रयोगः — साक्षात् (होता है) ।

संगति — ईश्वर-प्रणिधान का क्या फल है ?

समाधिसिद्धिरीश्वरप्रणिधानात् ॥४५॥

समाधि — समाधि (की)
सिद्धिः — सिद्धि
ईश्वर-प्रणिधानात् — ईश्वर-प्रणिधान से (होती है) ।

संगति — आसन क्या है ?

स्थिरसुखमासनम् ॥४६॥

स्थिर — (जो) स्थिर (और)

सुखम् — सुखदायी (हो, वह)
आसनम् — आसन (है) ।

संगति — आसन की सिद्धि के क्या उपाय हैं ?

प्रयत्नशैथिल्यानन्त्यसमापत्तिभ्याम् ॥४७॥

प्रयत्न — (उक्त आसन में) प्रयत्न (की)
शैथिल्य — शिथिलता (से और)
आनन्त्य — अनन्त अर्थात् आकाश आदि (में)
समापत्तिभ्याम् — समापत्ति द्वारा (आसन सिद्ध होता है) ।

संगति — आसन का क्या फल है ?

ततो द्वन्द्वानभिघातः ॥४८॥

ततः — उस (आसन की सिद्धि) से
द्वन्द्वाः — द्वन्द्वों अर्थात् भूख-प्यास, हर्ष-विषाद आदि (की)
अनभिघातः — चोट नहीं (लगती) ।

संगति — प्राणायाम क्या है ?

तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः ॥४९॥

तस्मिन् — उस (आसन के)
सति — स्थिर (हो जाने पर)
श्वास — साँस भीतर लेने (और)
प्रश्वासयोः — साँस बाहर छोड़ने (की)
गति — गति (का)
विच्छेदः — रुकना

प्राणायामः — प्राणायाम (है) ।

संगति — प्राणायाम का क्या स्वरूप है ?

बाह्याभ्यन्तरस्तम्भवृत्तिर्देशकालसंख्याभिः परिदृष्टो दीर्घसूक्ष्मः ॥५०॥

बाह्य — साँस बाहर निकाल कर उसकी स्वाभाविक गति का रुकना अर्थात् रेचक,
आभ्यन्तर — साँस अंदर खींच कर उसकी स्वाभाविक गति का रुकना अर्थात् पूरक (और)
स्तम्भ — साँस की इन दोनो गतियों का रुकना अर्थात् कुम्भक
